


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.4 °c | 24.9 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.34 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.16 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



# स्पीकर से मिले सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन, किया अभिवादन








रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा अध्यक्ष के कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने भेंट कर उनका अभिवादन किया। इसके अलावा वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, मंत्रिमंडल सचिवालय-निगरानी विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल और झारखंड विधानसभा के सचिव सैय्यद जावेद हैदर ने सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उनका अभिवादन किया। *फोटो : प्रदीप ठाकुर*

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी-व्यापार में अवरोध,परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी। शैक्षणिक उन्नति।

**वृष** प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण।

**कर्क** महत्वकांक्षा पूरी होगी,नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रूका हुआ काम पूरा होगा,शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।

**कन्या** बाधित उन्नति, महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में संतान के विवाहादि शुभ मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग।

**वृश्चिक** जमीन-जायदाद संबंधी काम बनेगा। संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**धनु** शिक्षा संबंधी कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा से छुटकारा का, परिवार में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# कैमरून से लौटे 27 प्रवासी मजदूरों को सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

## मुख्यमंत्री के निर्देश पर संयुक्त श्रमायुक्त नोडल पदाधिकारी बनाये गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैमरून दक्षिण अफ्रिका से लौटे झारखंड के 27 प्रवासी मजदूरों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से आच्छादित किया जायेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस संदर्भ में निर्देश दिया है। योजनाओं से आच्छादित कार्यों को सफल रूप से पूर्ण करवाने के लिए संयुक्त श्रमायुक्त राजेश प्रसाद (मोबाइल नंबर 9431344109) को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने की अनुशंसा की है।

श्री प्रसाद पत्र प्राप्ति के 72 घंटे के भीतर संबंधित जिले में जाकर उपायुक्त, जिला कौशल विकास पदाधिकारी और श्रम अधीक्षक से संपर्क स्थापित कर कार्य योजना तैयार कर इस कार्य को पूर्ण करायेंगे। श्रमायुक्त इस कार्य की प्रतिदिन समीक्षा कर अवगत करायेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है।

## दिवंगत लक्ष्मण क्षेत्री के आवास पहुंचे सीएम हेमंत

**पत्नी कल्पना सोरेन भी साथ, परिजनों को दी सांत्वना**

**रांची (आजाद सिपाही)। सीएम हेमंत सोरेन ने 24 जुलाई को पत्नी कल्पना सोरेन संग दिवंगत लक्ष्मण क्षेत्री के डोरंडा स्थित आवास पर पहुंचे। शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की। उनका ढाढ़स बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में वे उनके साथ हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की। बता दें कि मुख्यमंत्री आवास में रसोइया के पद पर कार्यरत लक्ष्मण क्षेत्री की सड़क हादसे में मृत्यु हो गयी थी।**



# अबुआ आवास योजना पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार: अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने सरकार से अबुआ आवास योजना को लेकर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने सरकार से श्वेत पत्र जारी करते हुए योजना की स्थिति को सार्वजनिक करने की मांग की। इस बाबत एक पत्र मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य के गरीबों से वादे किये थे कि तीन कमरों वाला सुविधायुक्त पक्का मकान देंगे। चार साल बीत जाने के बाद सरकार ने अबुआ आवास योजना की शुरुआत की है। 23 जनवरी को खूंटी जिला के तोरपा से इस योजना की शुरुआत करते हुए कहा था, यह पहला ऐसा ऐतिहासिक अवसर है, जब झारखंड सरकार अपने दम पर अपने राज्य के बीस लाख लोगों को सम्मानजनक जिंदगी जीने के लिए तीन कमरों का आवास देने जा रही है। बाद में अलग-अलग जगहों पर बड़े-बड़े सरकारी समारोह में बताया कि चार साल में बीस लाख लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा। जाहिर है राज्य के लाखों लोगों की नजरें इस योजना पर टिकी हैं।



### अबुआ आवास योजना पर उठते रहे हैं सवाल

**अमर बाउरी ने कहा कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन से लेकर स्वीकृति, राशि आवंटन आदि प्रक्रियाओं को लेकर सवाल भी उठते रहे हैं। पंचायत के प्रतिनिधियों की भी ढेर सारी शिकायतें रही हैं और इस संबंध में लगातार अधिकारियों को ज्ञापन देकर गड़बड़ी रोकने की मांग की जाती रही है। अबुआ आवास योजना को लेकर बड़ी आबादी के बीच आम धारणा है कि इसमें सरकारी अधिकारियों और बाबुओं की मर्जी चल रही है। आग्रह है कि अबुआ आवास योजना को लेकर सरकार एक श्वेत पत्र जारी करे, जिसमें यह बताया जाये कि वित्तीय वर्ष 2023 में राज्य के किन जिलों कितने आवास की स्वीकृति दी गयी है।**

# राजीव कुशवाहा महासभा के संरक्षक बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा प्रदेश इकाई के तत्वावधान में विधानसभा के सभागार में संगठन विस्तार और राजनीतिक चिंतन मंथन विषय पर कार्यक्रम हुआ। इसमें संगठन का विस्तार करते हुए सेवानिवृत्त उपायुक्त राजीव कुमार महतो को प्रदेश संरक्षक, गढ़वा जिला के पूर्व प्रमुख विकास सिंह कुशवाहा को प्रदेश सचिव, राजेंद्र प्रसाद महतो और एडवोकेट कुमार चितरंजन को प्रदेश कार्यकारिणी समिति का सदस्य बनाया गया। इसके साथ गढ़वा जिला के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्रीकांत कुमार और कमलेश मेहता को सम्मानित किया गया। पलामू प्रमंडल के प्रभारी अवधेश कुशवाहा, सह प्रभारी विकास सिंह कुशवाहा, रांची प्रमंडल के प्रभारी चूड़ामणि महतो, हजारीबाग प्रमंडल के प्रभारी सुनील मेहता, सह प्रभारी इंद्र नारायण कुशवाहा, संताल परगना के प्रभारी महेंद्र प्रसाद वर्मा, कोल्हान प्रमंडल के प्रभारी नगीना प्रसाद सिंह को बनाया गया। अगली बैठक अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा कुशवाहा भवन पलामू में 18 अगस्त को होगी। उस बैठक में सभी प्रमंडल प्रभारी और सह प्रभारी को जिम्मेवारी दी गयी कि 18 अगस्त को अपने-अपने प्रमंडल के जिला अध्यक्ष के साथ उपस्थित होंगे। मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार महतो, प्रधान महासचिव प्रवीण सिंह कुशवाहा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष लोकमान्य कुशवाहा समेत अन्य मौजूद थे।




# 61 बीडीओ का तबादला स्थगित, आदेश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रखंड विकास पदाधिकारियों के तबादले पर सवाल खड़ा होने के बाद झारखंड सरकार ने 24 जुलाई को सभी 61 पदाधिकारियों के तबादले को स्थगित करने का फैसला लिया है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त सचिव अजय कुमार सिंह के हस्ताक्षर से आदेश जारी हुआ। सभी उपायुक्त और उपविकास आयुक्त को निर्देश दिया गया है। ग्रामीण विकास विभाग ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग ने 27 जून 2024 द्वारा विशेष मतदाता पुनरीक्षण में संबंद्ध पदाधिकारियों के स्थानांतरण-पदस्थापन पर मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की तिथि 25 जुलाई 2024 से मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 20 अगस्त 2024 तक पांबदी लगाया गया है। ऐसे में उक्त के आलोक में विभागीय निर्गत अधिसूचना संख्या 2664 से 2724 सह पठित ज्ञापांक 2725 दिनांक 24 जुलाई 2024 को अगले आदेश तक स्थगित किया गया है।




## कारगिल विजय दिवस पर भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में बोले संजय सेठ

# राष्ट्र विजय का महापर्व है कारगिल विजय दिवस

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में मजबूत हो रहा भारत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा मुख्यालय दिल्ली में कारगिल विजय दिवस पर रजत जयंती समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मौजूद रहे। कार्यक्रम में कारगिल के युद्ध में बलिदान हुए राष्ट्र के नायकों को श्रद्धांजलि देकर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की गयी। इसके बाद कारगिल के नायकों और बलिदानियों के परिवारजनों को सम्मानित किया गया। संजय सेठ ने कहा कि कारगिल विजय पूरे राष्ट्र का विजय है। भारत ने उस समय जो एकजुटता दिखायी, वह अद्वितीय है। कारगिल का युद्ध सिर्फ हमारे सैनिकों ने नहीं लड़ा, यह युद्ध पूरे राष्ट्र ने लड़ा। पूरे सामर्थ्य के साथ लड़ा। तब अटल जी ने सैनिकों और उनके परिवारजनों के साथ खड़ा होने का आह्वान पूरे राष्ट्र से किया था। आज गर्व है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सैनिकों का भी ख्याल रखा जा रहा है। उनके परिवारजनों का भी ख्याल रखा जा रहा है। श्री सेठ ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में भारत लगातार मजबूत हुआ है। पहले रक्षा से जुड़ी छोटी-छोटी चीजों के लिए हमारी निर्भरता विदेशों पर होती थी, परंतु आज गर्व है कि भारत रक्षा क्षेत्र का बड़ा उत्पादक बन चुका है। श्री सेठ ने कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह महापर्व राष्ट्र का महापर्व है। यह महापर्व देशवासियों को प्रेरणा देने वाला महापर्व है कि परिस्थितियों कैसी भी हो। देश की 140 करोड़ जनता हर पल राष्ट्र के लिए खड़ी है।



# शाह कमीशन रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाये: दीपक प्रकाश

## शाह आयोग की रिपोर्ट से कांग्रेस का विकृत चेहरा सामने आयेगा

**आपातकाल के दौरान हुई बर्बरता, तानाशाही, अत्याचार और लोकतंत्र की हत्या का रहस्य खुलेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने राज्यसभा में 28 मई 1977 में भारत सरकार के द्वारा आपातकाल के समय की गयी ज्यादतियों की जांच के लिए न्यायमूर्ति जेसी शाह की अध्यक्षता में गठित आयोग की रिपोर्ट को लोकहित में सार्वजनिक करने की मांग की। श्री प्रकाश ने कहा कि आपातकाल के समय की गयी ज्यादतियों की जांच के लिए शाह आयोग ने सौ बैठकें की थीं। 48 हजार कागजात की पड़ताल की थी और दो अंतरिम रिपोर्ट पेश की थी। पहली अंतरिम रिपोर्ट 11 मार्च 1978 को सौंपी गयी थी। अंतिम रिपोर्ट 6 अगस्त 1978 को प्रस्तुत की गयी। श्री प्रकाश ने कहा कि आपातकाल की जांच के लिए बने शाह आयोग की रिपोर्ट की प्रतियां पुनः सत्ता में आयी इंदिरा सरकार द्वारा नष्ट कर दी गयी थी। तत्कालीन इंदिरा गांधी की सरकार ने न सिर्फ देश में मौजूद रिपोर्ट को नष्ट की, बल्कि दुनिया में जहां-जहां वह रिपोर्ट मौजूद थी, तत्कालीन सरकार ने उसे वहां से मंगा कर नष्ट कर दिया। एक प्रति ऑस्ट्रेलिया की सेंट्रल लाइब्रेरी में मौजूद है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट आपातकाल के दौरान हुई बर्बरता, तानाशाही, अत्याचार और लोकतंत्र की हत्या के रहस्य को खोलेगी। साथ ही वह रिपोर्ट कांग्रेस के काले और विकृत चेहरे को भी उजागर करेगी। उन्होंने कहा कि मांग करता हू कि उक्त रिपोर्ट की जो प्रतियां ऑस्ट्रेलिया की लाइब्रेरी में मौजूद है, उसे देशहित में वापस लाया जाये और उसे सार्वजनिक किया जाये। सदन में सभापति ने इस विषय को संज्ञान लेते हुए संसद में उपस्थित मंत्री को निर्देश दिया कि इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के लिए हरसंभव प्रयत्न करें।



## रोटरी रांची ने आम बजट पर की परिचर्चा

# कर छूट को सराहा, रोजगार सृजन में कमी कमजोरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रोटरी रांची के तत्वावधान में रोटरी हॉल रांची में केंद्रीय आम बजट पर विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। बजट की मुख्य बिंदुओं पर विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार रखे। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के महाप्रबंधक वित्त राज कुमार अग्रवाल ने कहा कि बजट में सैलरी और पेंशनधारियों के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन की सीमा 50 हजार से 7.50 लाख रुपये कर दी गयी है। इस बदलाव से हर आम करदाता को लाभ होगा। इस बदलाव के बाद अब वेतन या पेंशन की आय में से 7.50 लाख रुपये घटाने के बाद जो राशि बचेगी, उसपर निर्धारित दरों के अनुसार टैक्स देय होगा। दूसरे शब्दों में कहें तो जिसकी आय 7.75 लाख रुपये से कम है, तो उसे अब कोई भी आयकर नहीं देना होगा। एसआइएसएस रांची के प्रो प्रशांत कुमार झा ने कहा कि कुछ स्टार्टअप कंपनियों या नयी कंपनियों पर लगने वाले एंजल टैक्स को सरकार ने समाप्त कर दिया है। एक अप्रैल 2025 से यह टैक्स नहीं लगेगा। कॉरपोरेट टैक्स को भी 40 प्रतिशत से घटा कर 35 प्रतिशत किया गया है। इससे कंपनियों को और ग्रोथ मिलेगा। उपाध्यक्ष ललित त्रिपाठी ने कहा कि रोजगार में वृद्धि पर सरकार का और फोकस होना चाहिए था। इस बजट में रोजगार सृजन के प्रयास में कमी नजर आती है। बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष पैकेज दिया गया है, जिस पर अन्य राज्यों को आपत्ति हो सकती है। परिचर्चा में भंडारीलाल, आरएस चड्ढा, सुरेश साबू, प्रवीण राजगढ़िया, लोकेश साहू, राजीव मोदी, कांता मोदी, रेखा सिंह, अंकुर अनिल, डॉ अनिल पांडेय, डॉ अरविंद पांडेय, मुकेश तनेजा, भावना तनेजा, अजय साबू, राजीव चड्ढा, एडी वाधवा, चरणजीत वासू, जसदीप सिंह, प्रकाश सरावगी, डॉ विनय ढांढनिया, डॉ अनंत सिन्हा, अनंत कुमार शामिल थे।



## नामकुम के आरडीएस पब्लिक स्कूल में कारगिल के शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आरडीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद झारखंड रांची की ओर से कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गयी। इसके बाद हाथ में तिरंगा लिए स्कूल के बच्चे, पूर्व सैनिक, उनके परिवार एवं समाजसेवियों ने नामकुम बाजार, सदाबहार चौक होते हुए स्कूल तक तिरंगा यात्रा निकाला। इसमें उपस्थित राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद पांच वीर नारियों को परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सह कर्नल एआर सिन्हा ने शॉल ओढ़ाकर, कारगिल युद्ध में शामिल सैनिकों को मोमेंटो एवं सांसद प्रतिनिधि सह अखिल भारतीय ह्यूमन राइट्स झारखंड के स्टेट चीफ मनोज सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कारगिल युद्ध में भारत की जीत को दुनिया विस्मय से देखती है। किस तरह भारतीय सैनिक 18 हजार फिट की ऊंचाई पर चढ़कर पाकिस्तान को हरा दिये। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि उन माताओं को जिन्होंने अपना बेटा, उन बहनों को जिन्होंने अपना भाई और उन पत्नियों को जिन्होंने अपने पति को खोया है। वैसे सभी परिवार को नमन है। कहा कि जब सैनिक सरहद पर जागते है तब देश सुरक्षित रहता है। कार्यक्रम का संचालन सूबेदार अरुण झा एवं धन्यवाद ज्ञापन सूबेदार ललन ठाकुर ने किया। मौके पर आनंद मोहन ठाकुर, सरदार झा, अक्षय मिश्रा, एनपी सिन्हा, अरुण तिवारी, विकास सिंह और मीरा देवी आदि उपस्थित थे।

## कारगिल विजय दिवस पर लालगंज में निकली बाइक रैली



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कारगिल विजय दिवस पर टाटीसिलवे के लालगंज में शुक्रवार को रिटायर्ड कर्नल वीरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में बाइक रैली निकाली गई। जो लालगंज स्थित कार्यालय से शुरू होकर 23 इंफैंट्री डिविजन वार मेमोरियल तक गई। इस दौरान वार मेमोरियल पर सभी शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कर्नल वीरेंद्र सिंह ने कहा कि स्वाभिमान और सम्मान की रक्षा के लिए भारतीय जवानों ने करो या मरो का सिद्धांत अपनाकर कारगिल पर विजय प्राप्त किया था। देश के लिए बलिदान देकर देश की रक्षा करना हमारी सनातन संस्कृति का हिस्सा है। वहीं, 27 जुलाई की शाम 7 बजे गोविंद बैंक्वेट हॉल बूटी मोड़ में कारगिल दिवस के उपलक्ष पर भूतपूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ शामिल होंगे। मौके पर पूर्व सैनिक संजीत सिंह, आरपी सिंह, आरके सिंह, मोहन कुमार, चंदन कुमार, प्रकाश मिश्रा, अवध कुमार सिंह, त्रिपुरारी नारायण, डीआर पांडे, तरुण कुमार आदि पूर्व सैनिक मुख्य रुप से शामिल थे।

## झारखंड के शिक्षकों ने दिल्ली सीसीआरटी में बिखेरी झारखंडी संस्कृति की झलक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** दिल्ली में स्थित सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र में 16 राज्यों से आए 96 शिक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमें झारखंड राज्य के 9 शिक्षकों ने अपनी संस्कृति का प्रदर्शन सभी राज्यों से आए शिक्षकों के समक्ष किया। उन्होंने झारखंड राज्य का इतिहास, समृद्ध कलाकृति, जीवन शैली, प्रमुख पर्यटन स्थल, मुख्य खानपान, उद्योग परंपरागत, वाद्य यंत्र से अन्य राज्य के लोगों को परिचित कराया। यह प्रस्तुति पूरे एक घंटे तक चली। जिसमें उन्होंने झारखंडी झूमर, सरहुल पर होने वाले गीत पेश की। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान से किया गया। गौरतलब हो कि झारखंड के ये 9 शिक्षक 18 से 27 जुलाई तक दिल्ली में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वहीं, कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में रांची जिले के शिक्षक सफदर ईमाम, चंचला कुमारी पांडे, कुंदन कुमार, सैयद इबरार हसन, लातेहार जिले के बृजेश कुमार, राजेश कुमार, अनिमा लकड़ा, धनबाद जिले की सुनीता कुमारी एवं पूर्वी सिंहभूम की हेमा भट्टाचार्य ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## संत अन्ना परिसर में धूमधाम से मना स्थापना दिवस



**मांडर (आजाद सिपाही)।** संत अन्ना परिसर में शुक्रवार को धूमधाम से संत अन्ना धर्म समाज का स्थापना दिवस मनाया गया। संत अन्ना परिसर के संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज, संत अन्ना कान्वेंट स्कूल मांडर, संत अन्ना हाई स्कूल और मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। साथ ही पिछली परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ॅको सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज कि प्रचार्या सिस्टर निर्मला ज्योति कच्छप ने कहा कि संत अन्ना धर्म समाज कि स्थापना आज के ही दिन मांडर के सुदूरवर्ती गांव सरगाव से हुआ था। जो आज झारखण्ड सहित कई राज्यों में विस्तारित होकर शिक्षा के क्षेत्र में सेवा दे रहा है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में संत अन्ना कान्वेंट कि प्रचार्या अलैक्सीया बेक, हाई स्कूल कि प्रचार्या मैरी तिर्की, मीडिल स्कूल कि प्रचार्या ज्योति जसिंता मिंज, अनिल खलखो, सुमन तिर्की, बोनीफस एक्का, प्रीति कुजूर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## वार्ड सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण

**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सभागार में सभी 11 पंचायत के वार्ड सदस्यो को शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन पंचायती राज विभाग की ओर से आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ उषा मिंज ने किया। इसमें सभी वार्ड सदस्य को अपने अधिकार व जिम्मेदारियों की जानकारी दी गयी।

### बाल विवाह, तस्करी व बाल यौन शोषण पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

# बाल श्रम, तस्करी व यौन शोषण काननून अपराध : राजेश सिंह

**डालसा रांची, सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन एनजीओ की पहल पर कार्यशाला आयोजित**



डालसा की ओर से आयोजित कार्यशाला में उपस्थित गणमान्य सदस्य।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन में शुक्रवार को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत सिंदुआर टोला ग्रामोदय विकास विद्यालय एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सहयोग से डालसा सभागार में पारा लिगल वॉलेंटियर के साथ जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय-2 राजेश कुमार सिंह, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, एलएडीसीएस प्रमुख प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसीएस डिप्टी राजेश कुमार सिन्हा, सीडब्ल्यूसी सदस्य विनय कुमार, प्रियरंजन, एलपीओ डीसीपीयू दुर्गा शंकर साहू, बचपन बचाओ आंदोलन के ब्रजेश कुमार मिश्रा, एसजीवीवी के सचिव, राजेन कुमार, जिला समन्वयक अरविंद कुमार सहित डालसा में कार्यरत सभी पीएलवी उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर हुआ। जबकि स्वागत भाषण डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय- 2 राजेश कुमार सिंह ने कहा कि कार्यशाला बच्चों के संरक्षण से संबंधित कानून के बारे में सभी को जागरूक करने के लिए है। एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने बच्चों से संबंधित पोक्सो एक्ट-2012 में निहित कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि पोक्सो एक्ट में कड़ी से कड़ी सजा का प्रावधान है और त्वरित कार्रवाई की भी व्यवस्था है। पीड़ित बच्चों से संबंधित कोई भी पहचान अखबार में प्रकाशन नहीं करना है। कहा कि पोक्सो एक्ट के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे-बच्चियों के साथ अगर किसी भी तरह का दुष्कर्म, छेड़छाड़ या बच्चों को इस तरह के अपराध कार्य में धकेला जाता है तो इसमें उम्र कैद आदि कड़ी सजा का प्रवधान है। वहीं, सीडब्लूसी के सदस्य विनय कुमार ने बाल विवाह से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। कहा कि नये कानून में सजा के कड़े प्रावधान है। दुर्गा शंकर साहू बच्चों से संबंधित वात्सल्य मिशन की विस्तार से जानकारी दी। बचपन बचाओं आंदोलन के राज्य समन्वयक ब्रजेश मिश्रा ने बाल तस्करी से संबंधित तस्कर के लिए सजा एवं जुर्माना के बारे में उपस्थित पीएलवी को बताया। राजेन कुमार ने कहा कि इस कार्यशाला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य संस्था एवं सरकारी तंत्र और पारा लिगल वॉलेंटियर के साथ समन्वय स्थापित कर बच्चों को संरक्षित एवं सुरक्षित करने का कार्य किया जाना है। एसजीवीवी के अरविंद कुमार ने कहा कि बाल श्रम भी कानूनन अपराध है, जिसके तहत 14 वर्ष से नीचे बच्चों से किसी भी प्रकार के प्रतिष्ठान में कार्य नहीं लिया जा सकता है। इसके लिए नये कानून में भी सजा का प्रावधान किया गया है। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने सभी पीएलवी को कस्बों, गांवों एवं सुदुरवर्ती प्रखंड क्षेत्रों में जाकर ग्रामीणों को जागरूक करने को कहा। ताकि गांव के लोग जागरूक होकर बुराई से लड़ सकें एवं बच्चों को सुरक्षित किया जा सके।

## छात्रों ने किया कला प्रदर्शनी का अवलोकन

**रातू (आजाद सिपाही)। लेडी केसी रॉय मेमोरियल स्कूल में कक्षा 10वीं व 11वीं के विद्यार्थियों ने कांके रोड स्थित ऑड्रे हाउस में झारखंड के लोक एवं जनजातीय समुदायों की जीवन शैली और पारिस्थितिक परिदृश्य नामक कला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, रांची केंद्र एवं पर्यटन, कला और संस्कृति, खेल और युवा विभाग, झारखंड सरकार के सहयोग से इस प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। जिसमें झारखंड के पांच प्रतिष्ठित कलाकारों रामानुज शेखर, हिमाद्रि रमानी, हेमलता दत्ता, सीआर हेम्ब्रम और डॉ भारती के संग्रह से पेंटिंग प्रदर्शित की गई थी। इन कलाकृतियों में झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया था। इसके साथ ही विविध आदिवासी समुदायों की जीवन शैली और प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को प्रदर्शित किया गया था।**

## मुसलमान केवल वोट बैंक नहीं हैं, हममें भी राजनीतिक चेतना आ गयी है: मुस्तफा अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अनगड़ा।** अकलियतों को राजनीतिक भागीदारी नहीं मिलने सहित अन्य मुद्दों को लेकर शुक्रवार को इरबा में जिला ग्रामीण अंजुमन कमेटी की अहम बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता इम्तियाज ओहदार ने की। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता एवं झारखंड रत्न से सम्मानित मुस्तफा अंसारी भी शामिल हुए। बैठक में आइएनडीए की ओर से अकलियतों की उपेक्षा, राजनीतिक में पूर्ण भागीदारी नहीं देने सहित अन्य मुद्धों पर चर्चा की गई। मुस्तफा अंसारी ने कहा कि संपन्न लोकसभा चुनाव में एक भी सीट मुस्लिमों को नहीं दिया गया। अब देखने वाली बात होगी कि आगामी विधानसभा चुनाव में आइएनडीआइए गठबंधन मुस्लिमों को कितनी सीटे देती है। कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी। झारखंड में 22 फीसदी मुस्लिम आबादी हैं और करीब 10 विधानसभा सीटों में मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। आइएनडीआइए अकलियतों को अपना वोट बैंक समझने की भूल ना करे। मुस्लिम समाज में भी अब राजनीतिक चेतना आ गई है। इस बार यदि विधानसभा चुनाव में अकलियतों को पूर्ण भागीदारी नहीं मिली तो इसका खामियाजा गठबंधन को भुगतना होगा। बैठक में दिनों दिन बढ़ रही मॉब लिंचिंग की घटना पर भी चिंता व्यक्त करते हुए इसे रोक पाने में सरकार की विफलता पर नाराजगी जाहिर की गये। कहा कि घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को आज तक उचित मुआवजा नहीं मिला। वहीं, कमेटी का विस्तार करते हुए फिराज आलम को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में सलीम अंसारी, मुस्लिम फैजी, नाजीर अंसारी, नाजीर खान, रब्बबान राज, मोहसिन आलम, हासीम अंसारी, एहसान अंसारी, रेहान आदि थे।

## ओरमांझी के बिरसा जैविक उद्यान में तेंदुआ की मौत

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** बिरसा जैविक उद्यान चकला में शुक्रवार को रानी नामक तेंदुआ की मौत हो गयी। उधर, रानी नामक तेंदुआ की हुई मौत के बारे निदेशक जब्बार सिंह से पूछे जाने पर बताया गया कि वह बुढ़ी हो गई थी। तेंदुआ जंगलों में 12 से 13 वर्ष, जबकि चिड़ियाखाना में 16 से 18 वर्ष तक जीते हैं। वहीं, हिप्पो (दरियाई घोड़े) के हमले में घायल संतोष महतो के बारे में पूछने पर बताया कि वह खतररे से बाहर है। वहीं, आए दिन चिड़िकायाखाना में हो रही घटनाओं पर पूछे जाने पर गोल मोटल जवाब देते रहे। जबकि डॉ ओम प्रकाश साहू से तेंदुआ की मौत की जानकारी लेने के लिए फोन करने पर उनका फोन बंद था। बतातें चलें कि दो महीना पहले ने एक बाघिन के अपने ही नवजात चार शावकों के ऊपर बैठ जाने से उनकी मौत हो गई थी। वहीं, गर्मी में कई मोर भी मरे गये हैं। जैविक उद्यान के कर्मियों की माने तो जब से निदेशक जब्बार सिंह की दोबारा पोस्टिंग और वन सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी जैविक उद्यान में लगी है तभी से जैविक उद्यान की अंदरूनी स्थिति ठीक नहीं है।

# शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खलारी।** झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की षुरूआत में स्कूल के निदेशक सह प्रधानाचार्य अभिषेक कुमार चैहान ने शहीदों चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। वहीं उपस्थित षिक्षकों ने भी बारी-बारी से शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने कारगिल विजय दिवस पर प्रकाश डालते हुए एक से बढ़कर एक भाषण, शायरी और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। वहीं प्राचार्य अभिषेक कुमार चैहान ने बच्चों को देश भक्त बनने और देश के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा की शपथ दिलवायी। वहीं कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग मे प्रथम पुरस्कार समृद्धि कुमारी और मिस्टी कुमारी, द्वितीय पुरस्कार ब्यूटी कुमारी एवं तृतीय पुरस्कार अर्णव कुमार और आफिया प्रवीण को दिया गया। वहीं सीनियर वर्ग से कुणाल कुमार को प्रथम स्थान, खुशी कुमारी द्वितीय और ज्वाला कुमारी और अश्विनी कुमारी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों में मुख्य रूप से आकांक्षा ठाकुर, ज्योति चैहान, किरण देवी, किरण कुमारी, पूजा मंडल, रमेश महतो, मनोज कुमार यादव, गणेश कुमार महतो, रेणु कुमारी, राजेंद्र कुमार, महेंद्र चैहान, फरीदा खातून, नाजिया प्रवीण, शाजिया प्रवीण, मुकेश कुमार और प्रिया कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## बेड़ो में विशेष मतदाता सूची अभियान आज से



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मतदाता सूची में नाम जुड़वाने व गलतियों में सुधार के लिए शनिवार से विशेष अभियान की शुरू होने जा रही है। इस दौरान वे युवा मतदाता भी आवेदन कर सकते हैं, जो एक जुलाई को 18 वर्ष की उम्र पूरी कर रहे हैं। इसकी जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह सीओ प्रताप मिंज ने बताया कि इस विशेष अभियान का आयोजन चुनाव आयोग के निर्देश पर पूरे देश में किया जा रहा है। जिसके तहत प्रखंड के सभी बूथों पर मतदाताओं से आवेदन लिया जाएगा। सभी बूथों में बीएलओ को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है। इनके पास मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम हटाने के साथ ही नाम, पता या अन्य तरह की गलतियों में सुधार के लिए अलग-अलग आवेदन प्रपत्र दिए गए हैं। यह विशेष अभियान 28 जुलाई, 3 अगस्त और 4 अगस्त को भी जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष अभियान में प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद सही आवेदकों के नाम सूची में जोड़ दिया जाएगा। इसके आधार पर अंतिम सूची का प्रकाशन 20 अगस्त को किया जाएगा।

## आरटीसी पब्लिक स्कूल में मना कारगिल विजय दिवस




**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आरटीसी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को जूनियर वर्ग के बच्चों ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद भारतीय वीर जवानों को याद किया। साथ ही श्रृंखला बनाकर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने बताया कि भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को युद्ध में शहीद हुए जवानों के सम्मान में मनाया जाता है। 1999 में कारगिल-द्रास सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठियों से भारतीय क्षेत्रों को वापस लेने के लिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय शुरू किया था। भारतीय सेना ने अदम्य साहस दिखाते हुए पाकिस्तान के करीब 3 हजार से भी अधिक सैनिकों को मार गिराया था। यह युद्ध 18 हजार फीट की ऊंचाई पर लड़ी गई थी। करीब 60 दिनों तक यह युद्ध चला जिसमें पाकिस्तानी सेना बुरी तरह परास्त हुई थी। मौके पर शिक्षिका गायत्री सुदर्शी, ललिता महतो सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नीरजा सहाय में मना कारगिल विजय दिवस



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय में शुक्रवार को कारगिल विजय दिवस मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में आईटीबीपी के डिप्टी कमांडेंट शैलेश कुमार व उनके सहयोगी थे। कार्यक्रम की शुरूआत समूह गान से हुई। उसके बाद शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। देश भक्ति से भरपूर एक नृत्य का प्रदर्शन किया गया। कक्षा सातवीं की अनम अपनी कविता और कक्षा आठवीं की समीक्षा ने अपने भाषण में शहीदों को याद किया। वहीं, डिप्टी कमांडेंट शैलेश कुमार ने बच्चों को समर्पण और मेहनत से काम करने की सीख दी। कहा कि जो पानी से नहाता है वह लिबास बदलता है, लेकिन जो पसीने से नहाता है वह इतिहास बदलता है। वहीं, प्राचार्या किरण यादव ने शॉल ओढ़ाकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया।

## बलिदानी शांति तिर्की का पूरा परिवार भय के साये में जीवन जीने को विवश



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** एक तरफ पूरा देश शुक्रवार को कारगील विजय दिवस मना रहा है। वहीं, दूसरी ओर, करगिल युद्ध में बलिदान हुए वीर सैनिक सूबेदार मेजर शांति तिर्की का पूरा परिवार सिस्टम और सामाजिक न्याय के बीच खुद को ठगा महसूस कर रहा है। नगडी प्रखंड क्षेत्र के जाजपुर गांव के रहने वाले शहीद सुबेदार मेजर शांति तिर्की 1999 में करगिल युद्ध के आपरेशन रक्षक के दौरान कुपवाड़ा जिले में 1999 शहीद में शहीद हो गये थे। इसके बाद नगड़ी थाना (कोलाम्बी मोड़) में वीर गति प्राप्त दर्जा मिला था। वे अपने पीछे पत्नी सालेन तिर्की, तीन पुत्री और दो पुत्र छोड़ गये थे। बलिदानी शांति तिर्की के शहीद होने के बाद उनकी पत्नी सालेन तिर्की ने जाजपुर गांव में ही कोलांबी मोड़ के पास जीवन यापन के लिए साढ़े 57 डिसमिल जमीन ली थी और उसका म्यूटेशन के बाद लगातार रसीद कट रहा है। इस बीच 2023 में जमीन मालिक ने दोबारा उक्त जमीन पर जबरदस्ती पेश करने लगा। उक्त जमीन को छोड़ने के लिए लगातार दबाव बना रहा है। एसा नहीं करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस बाबत जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक से लेकर कई अधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मदद की गुहार लगाई, लेकिन किसी ने समस्या का समाधान नहीं किया। वहीं, घटना से आहत बलिदानी शांति तिर्की की पत्नी सालेन तिर्की ने कहा कि हमें समाज व सरकार से न्याय चाहिए।

## मध्यस्थता से सुलझा पारिवारिक विवाद

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** मध्यस्थता केंद्र रांची में वाद संख्या ओएम 76/2024 जो कुटुम्ब न्यायालय से मध्यस्थता केंद्र में पहुंचा था। जिसका विशेषज्ञ मध्यस्थ जहान आरा, प्रथम पक्ष के अधिवक्ता यशवंत कुमार ठाकुर एवं द्वितीय पक्ष के अधिवक्ता अवध किशोर सिंह के प्रयास से शुक्रवार को सुलझा लिया गया। प्रथम पक्ष सोनम जायसवाल व द्वितीय पक्ष संदीप कुमार जायसवाल थे। पति-पत्नी के बीच आपसी मतभेद होने के कारण वाद उत्पन्न हुआ था। मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के बीच दोनों पक्ष उपस्थित होकर पूर्व की सभी रंजिशों को भुलाकर फिर से एक साथ राजी-खुशी जीवन जीने के लिए राजी हो गये। दोनों पक्ष परिवार के एक-दूसरे के सदस्यों के साथ अच्छा व्यवहार करने पर राजी हो गये।

